currently holding the charge of Director (Marketing), the relevant Disciplinary Auhority at the point of time. This was only with a view to removing a technical flaw. A show cause notice was issued to Shri Kamal Bhasin on 1.6.90 and thereafter he filed a Writ Petition in July, 1990 in Delhi High Court challenging the validity of Rule 20-A and thereby the show cause notice dated 1.6.90 Further section on the basis of this show cause notice dated 1-6-90 was kept in abevance as the matter was before the Court of Law. The charged officer was aked to send his written statement of defence in reply to the charge sheet dated 21.5.90 as the management was not taking action at that time on the basis of the show cause notice dated 1.6.90. The Writ Petition filed by Shri Kamal Bhasin was dismissed by the Delhi High Court on 28-1-91. Therefore, there was no simultaneous proceedings between the period 1-6-90 and the date of termination of his services i.e. March, 1991.

भोपाल गैस त्रासदी के शिकार व्यक्तियों का पुनर्वास

2927. **श्री सुरेश पचौरी:** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भोपाल गैस त्रासदी के शिकार हुए लोगों का आर्थिक पुनर्वास करने के लिए सरकार द्वारा घोषित सभी योजनाओं/कार्यक्रमों को कार्यान्वित कर दिया गया है ;

(ख) क्या सरकार ने भोपाल गैस त्रासदी के शिकार हुए लोगों के लिए गैस कनेक्शन देने और भोपाल कोच र पेथ्रिा फैक्ट्री में 50 प्रतिशत नौकरियों देते और भोपाल में वस्त्र निर्यात एकक स्थापित करने संबंधी निर्णयों की समीक्षा की है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और इस संबंध में अब तक कितनी प्रगति हुई है ?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फेलेरियो): (क) और (ख) सरकार द्वारा शुरू की गई आर्थिक पुनर्वास योजनाओं सहित सभी पुनर्वास योजनाएं कार्यान्वित कर दी गयी हैं। किसी भी योजना की सरकार द्वारा पुनरीक्षा नहीं की गई है।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

उर्वरकों का उत्पादन

2928. **श्री रामनरेश यादव:** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय देश में कितने टन उर्वरक का उत्पादन हो रहा है, क्या यह उर्वरक एककों की पूर्ण उत्पादन क्षमता पर आधारित है, यदि नहीं, तो उक्त एककों की क्षमता को ध्यान में रखते हुए कितने प्रतिशत उत्पादन हो रहा है; और

(ख) फर्टिलाइजर कोर्पोरेशन के गोरखपुर एकक को चलाने के लिए सरकार ने अब तक क्या कदम उठाये हैं और यह एकक कब तक चालू हो जायेगा ?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फेलेरियो): (क) 1991-92 और 1992-93 (अप्रैल, 92 से फरवरी, 93) के दौरान स्थापित क्षमता, उत्पादन तथा क्षमता उपयोगिता को प्रतिशतता के ब्यौरे नीचे दिये गये हैं :—